स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 24.10.2018
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर
प्रत्येक वार्ड में कम्पोस्टिंग पीट तैयार कर खाद्य तैयार करें

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी ने निगम सभागार में जोन 1 नेहरू नगर कार्यालय के अंतर्गत समस्त वार्ड में स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2019 में भिलाई को उत्कृष्ट स्थान प्रदान करने हेतु आयुक्त महोदय द्वारा जोन 1 के डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण करने वाले सफाई मित्रों, जोन 1 के स्वच्छता निरीक्षक, सहायक स्वच्छता निरीक्षक, सभी वार्ड के सुपरवाईजर, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई।

निगम आयुक्त श्री सुन्दरानी से सभागार में आयोजित कार्यशाला में नेहरू नगर जोन 1 अंर्तगत के स्वच्छता निरीक्षक, सहायक स्वच्छता निरीक्षक, सभी वार्ड के सुपरवाईजरों सहित सभी वार्डो के डोर–टू–डोर कलेक्शन के सफाई मित्र एवं कबाड़ी का व्यवसाय करने वाले व्यापारियों की संयुक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (PIU) की ओर से कचरे के निष्पादन,गीला कचरा एवं सूखा कचरा को पृथक–पृथक संग्रहित करने तथा गीला कचरा को कम्पोस्टिंग के माध्यम से खाद्य तैयार करने की विधि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस संबंध में और अधिक जानकारी उपस्थित लोगों को हो सके इस हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से विडियो दिखाई गई।

जन सम्पर्क अधिकारी